हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 1 नवंबर 2025

04 भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं ...



07 बिना लाइसेंस के अवैध रूप से परिवहन की जा रही ...





### ओवरब्रिज निर्माण डिजाइन का विरोध जता रहे कॉलोनीवासी

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में घर-घर फहरे काले झंडे

आज महिलाएं बनाएंगी मानव श्रृंखला







हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज की डिजाइन के खिलाफ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहवासियों द्वारा लगातार विरोध जताया जा रहा है।

ज्ञापन, सांप सीढ़ी, धरना प्रदर्शन के बाद अब रहवासियों ने शुक्रवार को अपने-अपने घरों के सामने काले झंडे लगाकर विरोध जताया, तो वहीं विरोध की इस कड़ी में आज देव उठनी ग्यारस के मौके पर क्षेत्र की महिलाओं द्वारा मानव श्रंखला बनाई जाएगी।

बता दें बीते कई महीनों से ब्रिज की खामियों को लेकर रहवासी लगातार विरोध कर रहे हैं। इस अनूठी विरोध श्रृंखला में पहले बच्चों ने सांप सीढ़ी स्पर्धा आयोजित की, फिर वरिष्ठ नागरिकों ने सांकेतिक धरना दिया, जबकि शुक्रवार को कॉलोनीवासियों ने अपने-अपने घरों काले झंडे लगाकर विरोध जताया।

**देवउठनी ग्यारस पर बनाएंगे मानव श्रंखला :** विरोध की इसी कड़ी में आज देवउठनी ग्यारस के दिन कॉलोनी की महिलाएं एवं बच्चे मानव श्रृंखला बनाकर अपनी मांगों को लेकर विरोध जताएंगे। रहवासियों ने तंज कसते हुए कहा है कि मान्यता है कि देवउठनी ग्यारस पर देव उठते हैं, शायद मानव श्रंखला बनाए जाने से जिम्मेदारों की नींद खुल जाए।

### स्वीकृत राशि के बावजूद सर्विस लेन गायब

कॉलोनीवासियों का आरोप है कि ब्रिज निर्माण में बरती जा रही खामियों से पांच हजार से अधिक लोग प्रभावित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ब्रिज को सर्पाकार मोड़ दिया गया है और सबसे बड़ी चिंता यह है कि दोनों तरफ सर्विस रोड नहीं दी गई है। रहवासी कल्याण समिति ने आरटीआई के माध्यम से प्राप्त जानकारी का हवाला दिया है, जिसके अनुसार 1700 मीटर सर्विस रोड के लिए लगभग 2.76 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत है, लेकिन इसके बावजूद सर्विस लेन का निर्माण नहीं हो रहा है, जिससे मध्य प्रदेश गृह निर्माण मण्डल द्वारा बनाया गया मुख्य मार्ग पूरी तरह बंद है।

## मप्र स्थापना दिवस के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट में आयोजित होगा जिला स्तरीय समारोह

सीहोर। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सीहोर में जिला स्तरीय समारोह 1 नवंबर को कलेक्टर कार्यालय में सुबह 11 आयोजित किया जाएगा। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। पहले यह कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे आयोजित किया जाना था, जो अब सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा।




# डीएफओ का गैर जिम्मेदाराना बयान, पत्रकारों को ही बताया लकड़ी चोरों का सहयोगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वन संपदा की सुरक्षा और अवैध कटाई रोकने में अपने विभाग की लगातार विफलता का सामना कर रहीं वन मंडलाधिकारी अर्चना पटेल ने अब एक बेहद ही गैर जिम्मेदाराना और विवादित बयान दिया है।

जंगल से लगातार हो रही लकड़ी चोरी और अवैध कब्जों को लेकर पत्रकारों द्वारा सवाल पूछे जाने पर डीएफओ पटेल ने न सिर्फ सवालों से बचने की कोशिश की, बल्कि उलटा पत्रकारों पर ही लकड़ी चोरों का सहयोग करने का आरोप जड़ दिया। अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस सवाल-जवाब के वीडियो ने विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

**नाकामी पर पर्दा डालने की कोशिश :** जब मीडियाकर्मियों ने डीएफओ अर्चना पटेल से पूछा कि आखिर वन क्षेत्र में लकड़ी चोरी के मामलों में आरोपी चोर क्यों नहीं पकड़े जा रहे हैं तो उन्होंने अपनी और विभाग की असफलता को स्वीकार करने के बजाय पत्रकारों पर निशाना साध दिया। डीएफओ पटेल ने कहा कि आप लोग लकड़ी चोरों की मदद करते हैं, इसलिए चोर भाग जाते हैं।

### हम चोरों के सहयोगी नहीं, जिम्मेदार नागरिक हैं

डीएफओ अर्चना पटेल के इस आरोप से जिले के पत्रकारों में भारी आक्रोश फैल गया है। मौके पर मौजूद पत्रकारों ने तुरंत इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई। पत्रकारों ने कहा कि मीडियाकर्मी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए आम जनता और सरकार के सामने जंगल की सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दे उठा रहे हैं, ताकि विभाग अपनी सजग रहे। वन विभाग को आरोप प्रत्यारोप लगाने के बजाय अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करना चाहिए और चोरों को पकड़ने पर ध्यान देना चाहिए।






## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने बीएलओ व सुपरवाईजर्स के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2025) कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जिले की बुधनी विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों (BLO) एवं सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आष्टा एसडीएम नितिन टाले ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची के शुद्धिकरण और अद्यतन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली तथा सभी बीएलओ एवं सुपरवाईजर्स को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम श्री टाले ने निर्देश दिए कि इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए और अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाए जाने चाहिए। उन्होंने सभी बीएलओ से कहा कि वे घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों को सही-सही भरवाएं, मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बीएलओ अपने सुपरवाइजरों से नियमित संपर्क बनाए रखें और प्रतिदिन की प्रगति की जानकारी दें। फॉर्म-6, 7 और 8 की प्रविष्टियां समयसीमा के भीतर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों और दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।

### देव उठनी एकादशी पर बाल विवाह रोकथाम के लिए विशेष मुहिम चलेगी

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में देव उठनी एकादशी पर बाल विवाह रोकथाम के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। यह पहल प्रदेश को "बाल विवाह मुक्त मध्यप्रदेश" बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। विभाग द्वारा इस संबंध में सभी जिलों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करते हुए निगरानी, जागरूकता और तत्पर कार्रवाई के लिए विशेष टीमें गठित की हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने अपने संदेश में कहा कि "बाल विवाह न केवल एक कुप्रथा है, बल्कि यह बच्चियों के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके उज्ज्वल भविष्य के साथ अन्याय है। सरकार, समाज और परिवार सभी को मिलकर इसे रोकने के लिए प्रयास करने होंगे ताकि 'बाल विवाह मुक्त मध्यप्रदेश' का संकल्प साकार हो सके।" उल्लेखनीय है कि देव उठनी एकादशी के बाद पारंपरिक रूप से विवाह समारोहों का शुभ मुहूर्त प्रारंभ होता है, ऐसे समय में बाल विवाह की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेशभर में सतर्कता बढ़ाई गई है। प्रत्येक ग्राम और वार्ड में सूचना दलों का गठन किया जा रहा है,जिनमें शिक्षक, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, स्वसहायता समूह की सदस्य, शौर्यादल की अध्यक्ष, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, पंचायत प्रतिनिधि और समाज के जागरूक नागरिक शामिल हैं।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर भैरुंदा अनुभाग के तीनों थाना क्षेत्रों में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई

# भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिट कार्यक्रम का आयोजन

### पुलिस ने स्कूली बच्चों के साथ लगाई दौड़, एकता का पौधरोपण किया, मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा






शुक्रवार को जिला पुलिस मुख्यालय के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना भैरूंदा नगर के संदीपनी स्कूल में लौह पुरुष एवं देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

थाना भैरूंदा क्षेत्र में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी ' में भैरूदा अनुभाग एसडीओपी रोशन कुमार जैन , भैरूंदा थाना प्रभारी घनश्याम दागी , संदीपनी स्कूल प्राचार्य एल एन लॉया, सहित शिक्षकगण एवं भैरुंदा थाने के अधिकारी व कर्मचारी ने सांदीपनी स्कूल के बच्चों के साथ स्कूल परिसर से जेपी मार्केट, दुर्गा मंदिर चौराहा, सब्जी मंडी, बस स्टैंड, अनाज मंडी होते हुए थाना भैरुंदा तक मैराथन दौड़ की गयी एवं एकता दिवस शपथ ग्रहण कर राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए संकल्प लिया । अनुविभागी अधिकारी भैरूंदा द्वारा बच्चों को कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एकता अखंडता बनाए रखने व आपसी भाईचारा रखने हेतु प्रोत्साहित किया। सांदीपनी स्कूल एवं थाना परिसर में एकता पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की संख्या 500 रही।

थाना इछावर एथाना प्रभारी पंकज वाडेकर के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस अवसर पर रन फॉर यूनिटी ( एक दौड़ देश की एकता और अखंडता के लिए) मैराथन दौड़ का किया गया जिसमे संदीपनी स्कूल के टीचर बच्चे और पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। सभी को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। लगभग 200 प्रतिभागियों ने इस दौड़ व शपथ में भाग लिया।

थाना गोपालपुरथाना गोपालपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी ( एक दौड़ देश की एकता और अखंडता के लिए) मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें मां नर्मदा देवी मेमोरियल स्कूल से मैराथन दौड़ से प्रारंभ होकर भैरूदा रोड बाद,स्कूल ग्राउंड पर पहुंच कर समापन हुआ। जिसमे स्कूलों के छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण व पुलिस स्टाफ व अन्य कर्मचारीगण, शामिल हुए सभी को शपथ राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई । लगभग 80-100 प्रतिभागी इस दौड़ में शामिल रहे ।

### राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया



रेहटी। शुक्रवार को लौह पुरुष एवं देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार श्री वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी रेहटी राजेश कहारे, संदीपनी स्कूल प्राचार्य, शिक्षकगण व रेहटी थाने सहित सलकनपुर चौकी अधिकारी एवं कर्मचारी ने सांदीपनी स्कूल भैरुंदा के स्कूली बच्चों के साथ नगर सुरक्षा के सदस्य शमिल हुए। मैराथन दौड़ मकोडिया रोड से तारा से प्रारंभ हुई जो 3 किलोमीटर मकोडिया के पास समाप्त हुई एवं एकता दिवस शपथ ग्रहण कर राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए संकल्प लिया।

### तरुण पुष्प हासे स्कूल में एक भारत श्रेष्ठ भारत पर संघोष्ठि आयोजित




भैरूदा । सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में तरुण पुष्प हायर सेकंडरी स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश में एकता, अखंडता और समरसता की भावना को सशक्त बनाना रहा। इस अवसर पर विद्यालय में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" विषय पर विचार संगोष्ठी, स्केच एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा के माध्यम से एकता और राष्ट्रीय समरसता का संदेश दिया। बच्चों द्वारा तैयार की गई आकर्षक स्केच और पेंटिंग्स में भारत की विविधता में एकता का सुंदर चित्रण देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख आर. बी. मालवीय ने सरदार पटेल के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत के राजनीतिक एकीकरण में जो योगदान दिया, वह सदैव राष्ट्र के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा।" संस्था प्रमुख ने बच्चों को सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने और देश की एकता व अखंडता के लिए सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया। इस दौरान राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में सरदार पटेल को नमन किया और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## कृषि मंत्री कंसाना का 'अटपटा' बयान, बोले- किसानों के घर पहुंचाएंगे खाद, कांग्रेस ने कहा, 'होश में आइए'

**कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुजराती ने वीडियो और लंबी कतारों का हवाला देकर दावों की खोली पोल**

**सीहोर।** एक ओर जहां जिले के किसान खाद की कमी के चलते सोसायटियों के सामने लंबी-लंबी कतारों में रात गुजार रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंसाना का एक बयान अब सुर्खियों में है। मंत्री कंषाना ने दावा किया है कि सरकार किसानों के प्रति सजग है और किसानों को खाद की समस्या नहीं आने दी जाएगी, बल्कि किसान के घर पर ही खाद भेजी जाएगी।

मंत्री कंषाना गुरुवार को मुख्यालय स्थित आरएके कृषि महाविद्यालय में आयोजित नवीन कन्या छात्रावास भवन उद्घाटन समारोह में शामिल होने आए थे। इस मौके पर उन्होंने खाद संकट के सवाल पर कहा हमारी सरकार किसानों की बात पर सजग है। किसानों को खाद की समस्या नहीं आने देंगे, किसान के घर खाद भेजेंगे, जो खाद चाहिए वह खाद भेजेंगे।

**कांग्रेस ने किया पलटवार, कहा 'होश में आइए' :** कृषि मंत्री के इस बयान पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह सर्कस है और मंत्रीजी का यह बयान उसमें नया अध्याय है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुजराती ने कहा कृषि मंत्री जी होश में आइए और किसानों को खाद दिलाइए। मंत्री जी कह रहे हैं कि हम किसानों के घर खाद पहुंचाएंगे, जबकि जिले से कई वीडियो जारी हो रहे हैं, जिसमें जगह-जगह किसान लंबी-लंबी कतारों में लगे हैं। किसान रात-रात भर अपने परिवार को लेकर खाद की लाइनों में लगा है, यह बयान किसानों के साथ मजाक है।



**भाऊखेड़ी में लंबी कतारें :** मंत्री और कृषि विभाग के 'कोई कमी नहीं' वाले दावों की पोल बीते दिनों भाऊखेड़ी सोसाइटी पर लगी किसानों की लंबी कतारों ने खोल दी है। सोयाबीन की कटाई के बाद किसान गेहूं और चने की बुवाई की तैयारी में हैं, जिससे खाद की मांग तेजी से बढ़ी है। भाऊखेड़ी में सुबह से ही किसान लंबी कतारों में अपनी खाता बही रखकर इंतजार करते रहे। किसानों का आरोप था कि खाद विक्रय केंद्र समय पर नहीं खुलते, जिससे उन्हें घंटों मशक्कत करनी पड़ती है।

### कृषि विभाग का दावा पर्याप्त स्टॉक

इधर कृषि विभाग के उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने दावा करते हुए कहा कि जिले में रासायनिक उर्वरकों की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति निरंतर बनी हुई है। उप संचालक ने बताया कि वर्तमान में भी सहकारी और निजी विक्रय केंद्रों पर 6,688 मीट्रिक टन यूरिया और 4,170 मीट्रिक टन डीएपी सहित पर्याप्त स्टॉक शेष है। उन्होंने कहा कि वितरण को सुगम बनाने के लिए टोकन जारी कर खाद वितरण कराया जा रहा है।

### 69वीं राज्य स्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में अंशुल मंडलोई ने जीता स्वर्णपदक, मिलीं बधाईयां



**सीहोर।** 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 28 से 31 अक्टुबर तक इन्दौर में आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर के छात्र अंशुल मण्डलोई ने वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता 71 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जीत कर राष्ट्रीय स्तर के लिये अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस अवसर पर बधाई देने वालों में जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, जिला क्रीड़ा अधिकारी अताउल्लाह खान, प्राचार्य आवासीय आलोक शर्मा, सहायक संचालक सलौनी शर्मा, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर, कोच शैलेन्द्र चौहान, जिला योग प्रभारी मनोज कुमार व्यास, माधव यादव, अंकुर शर्मा, महेन्द्र बाथम, प्रभात मेवाड़ा आदि ने बधाई प्रेषित की है।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती व इंदिरा गांधी ने किया भारत का निर्माण और बनाया प्रगतिशील: राजीव गुजराती



**सीहोर।** भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती व देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी पुण्यतिथि पर बस स्टेण्ड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता एवं पूर्व ब्लाक अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम वर्मा के विशेष अतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सर्वप्रथम सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं इंदिरा गांधी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस मौके पर ओम वर्मा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की अखंडता एवं एकता के लिए सरदार पटेल जी का योगदान सदियों तक याद रखा जाएगा। सैंकड़ों रियासतों में बटें आज़ाद भारत को एकता के धागे में पिरोकर भारत के एकीकरण में अहम भूमिका निभाने वाले लौह पुरूष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती एवं देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। राजीव गुजराती ने इंदिरा गांधी एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को याद करते हुए कहा कि शक्ति, संकल्प और सशक्त नेतृत्व की मिसाल रहीं इंदिरा गांधी भारतीयों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

संचालन सुनील दुबे ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ओम वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, सीताराम भारती, ओम बाबा राठौर, दिनेश भैरवे, मारूति राव, राजेश भूरा यादव, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, मुनव्वर मामू, घनश्याम यादव, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल, रामायण प्रसाद शुक्ला, योगेन्द्र राय, प्रेम नारायण परमार, मांगीलाल टिमरई, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, ममता शर्मा, दिपिका शर्मा, पूरन मालवीय, ब्रजेश पाटिदार, गजराज परमार, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## कुबेरेश्वरधाम देव उठनी ग्यारस पर हजारों दीप से होगा रोशन

**4 को उज्जैन महाकाल की तर्ज पर भव्य श्री हरि-हर मिलन समारोह**



**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर दीपावली का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर यहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे है। वहीं धाम को रंग-बिरंगी रोशनी से सराबोर किया गया है। शनिवार को देव उठनी ग्यारस पर हजारों दीप से धाम को श्रद्धालुओं के द्वारा रोशन किया जाएगा। इसके अलावा रात्रि को पूर्ण-विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी।

शुक्रवार को धाम पर बाबा की आरती का आयोजन किया गया था। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं के मध्य पहुंचकर भेंट की। उन्होंने कहाकि भगवान के नाम का कीर्तन और जप निरंतर करते रहना चाहिए, क्योंकि यह मन को शांत करता है, चिंताओं से मुक्ति दिलाता है और आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है। निरंतर जप पापों को नष्ट करता है और व्यक्ति को भगवान के प्रति अधिक समर्पित बनाता है। विठलेश सेवा समिति के पंडित समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा ने बताया कि आगामी 4 नवंबर को उज्जैन महाकाल की तर्ज पर हर साल की तरह इस साल भी शाम को पांच बजे धाम परिसर में श्री हरि-हर मिलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे।

### सेवानिवृत्त होने पर विद्युत मंडल अधिकारी की निकली बारात, दी गई विदाई

**सीहोर।** सीहोर जिले के विद्युत वितरण केंद्र बिलकिस गंज, बरखेड़ी के विद्युत मंडल के अधिकारी शिवराम पाली के रिटायरमेंट होने पर ग्रामीण किसानों ने अनोखे तरीके से बारात निकालकर डांडिया नाच करते हुए किसानों का चिन्ह लकड़ी का हल भेंट कर उन्हें विदाई दी। इस मौके पर किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा एवं ग्राम चंदेरी, बरखेड़ी, बिजलोन, टिटोरा, आलमपुरा, रामाखेड़ी, ढाबला, भोजनगर, खेड़ली, भण्डेली, लोह पठार, कोलार डैम, गेरूखान पाटनी, बडनगर, बमुलिया, रलावती, भैंसाखेड़ी सहित दर्जनों गांव के किसानों ने दूल्हे की बारात की तरह बारात में शामिल होकर किसानों ने बिनाकी व डांडिया खेलते हुए अनोखे तरीके से शिवराम पाली की बारात में शामिल होकर विदाई दी।

### 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय हुआ : डॉ. गगन नामदेव

# देश के युवा ही राष्ट्र की एक महत्वपूर्ण शक्ति हैं समाज होगा सशक्त:वकील अश्विनी उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शुक्रवार को सहकार भारती के तत्वाधान में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मैं भारत, मेरा युवा की रैली में सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय का शाम को शहर के सोया चौपाल के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी में स्वागत किया। इस मौके पर संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में श्री उपाध्याय के अलावा कार्यक्रम के जिला संयोजक डॉ. गगन नामदेव आदि शामिल थे।

स्वागत के दौरान श्री उपाध्याय ने कहाकि युवाओं को राष्ट्र की एक महत्वपूर्ण शक्ति मानते हैं और उन्हें बेहतर शिक्षा, सुधरे हुए कानूनों और भ्रष्टाचार मुक्त समाज के माध्यम से सशक्त बनाने की वकालत करते हैं। उनका मत है कि भारत की प्राचीन शिक्षा प्रणाली, जो देश की आत्मा थी, उसे अंग्रेजों ने नष्ट कर दिया था। उनका मानना है कि आजादी के बाद इस प्रणाली को सही रूप में लागू नहीं किया गया। वह शिक्षा व्यवस्था में संस्कारों को शामिल करने की वकालत करते हैं ताकि युवा सही दिशा में आगे बढ़ें। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. गगन नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि देश की आजादी के समय सरदार पटेल के प्रयासों से ही 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय हुआ, जिसके कारण आज का भारत एक राष्ट्र के रूप में मौजूद है। डॉ. नामदेव ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत की राष्ट्रीय अस्मिता को पुनः स्थापित करने के लिए युवाओं को देश के गौरवशाली अतीत और वर्तमान चुनौतियों से अवगत कराया जाए। डॉ. गगन ने बताया कि जब युवा इन विषयों पर चिंतन-मनन करेंगे, तभी वे संस्कृति संपन्न, स्वावलंबी और स्वाभिमानी भारत के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे।

### पचोर पुलिस ने की कार्रवाई, 6 लाख 50 हजार का सामान जब्त किया

# बिना लाइसेंस के अवैध रूप से परिवहन की जा रही दवाइयां और इंजेक्शन किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा/पचोर

अवैध रुप से बिना लायसेंस के परिवहन की जा रही दवाई एंव इंजेक्शन तथा स्वीफ्ट वाहन क्र. एचआर 72 बी 4066 सहित कुल कीमती 6लाख 50 हजार रुपये का मसरुका जप्त, मेडीकल संचालक को भी बनाया आरोपी मेडीकल लायसेंस की निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है। राजगढ़ पुलिस द्वारा अवैध रुप से परिवहन की जा रही दवाई व इंजेक्शन जप्त कर अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण एवं त्वरित कार्यवाही की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। थाना पचोर में पंजीबद्ध प्रकरण में कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मुखबीर सुचना पर आरोपीवान को अवैध रुप से बिना लायसेंस के दवाई व इंजेक्शन परीवहन करते हुए पकडा जिससे बिना बिल की दवाई व बिना लेबल के इंजेक्शन एंव चार पहिया वाहन सहित 650,000 रुपए का मशरुका बरामद किया गया।



#### प्रकरण का विवरण

दिनांक 24.10.25 को जरिये मुखबीर सुचना मिली कि कुछ लोग हरियाणा तरफ से स्वीफ्ट वाहन क्र. एचआर 72 बी 4066 में अवैध एंव बिना लेबल की दवाई एंव इंजेक्शन लेकर आ रहे है सुचना की तस्दीक हेतु थाना पचोर की टीम ने हाईवे पर चेकिंग पाईण्ट लगा कर संदिग्ध वाहन को रुकवाकर चैक किया जिसमे एक व्यक्ति व एक महिला बैठे मिले जन्हे उतरवा कर नाम पचा पुछा तो उन्होने अपनी नाम शाहिद खान तथा साजिदा खान निवासी कैथवाडा का होना बताया जिनके वाहन को चैक करने पर वाहन की डिग्गी मे दवाईयां ओर जेल तथा बिना लेबल के इंजेक्शन रखे मिले आरोपीयान से उक्त दवाईयां तथा इंजेक्शन के बारे मे पुछने पर कोई लायसेंस नही होना बताया। उक्त घटना क्रम के संबंध में ड्रग इंसपेक्टर को भी सुचित किया गया तथा आरोपीयान द्वारा किया गया कृत्य दण्डनीय पाया जाने थाना पचोर मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### प्रकरण की जांच एवं विवेचना

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी (भा.पु.से.) द्वारा अवैध गतिविधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री के. एल. बंजारे के मार्गदर्शन में, श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अरविंद सिंह के निर्देशन में, थाना प्रभारी निरीक्षक शकुंतला बामनिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा आरोपियान से पुछताछ कर बिना लेबल के इंजेक्शन एंव दवाईया के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तो आरोपी शाहिद ने बताया कि उसके द्वारा राजस्थान मेडीकल कामा जिला डीग से इंजेक्शन एंव दवाईयां खरीदी गई गई थी जिसकी तस्दीक में टीम रवाना होकर राजस्थान मेडीकल कामा जिला डीग पहुंची जंहा पर मेडीकल संचालक हनीफ खान से पुछताछ की गई जिसके द्वारा अपराध मे सम्मिलत होना स्वीकार करने पर मेडीकल संचालक हनीफखान को आरोपी बनाया दाकर मेडिकल लायसेंसे निरस्त करने हेतु ड्रग इंस्पेक्टर भरतपुर राजस्थान को प्रतिवेदन लेख किये गया।

#### आरोपी से की गई बरामदगी

दवाईयों में DICLOFENAC DIETHYLAMINE VIRGIN LINSEED OIL] METHYL SALICYLATE MENTHOL GEL ¼VOVILAD GEL½ B-NO-250F002 dh 24 VÎqc cSp ua 250,Q003 dh 212 VÎwc LASIX TABLETS B-NO-4P3556A dh 375 TABLETS ,oa LASIX TABLETS B-NO- 4P3111A dh 75 TABLETS व लेबल रहित कांच की शीशीयां जो शील बंद नहीं थी की 250 शीशीयां जिनमे सफेद रंग का ड्रग द्रव अवस्था में भरा हुआ है जिसे आरोपी शाहिद खान द्वारा Triamcinolone Acetonide injection होना बताया है, 300 सीरिज, 29 निडिल को तथा अपराध में प्रयुक्त सफेद रंग की स्विफ्ट कार रजिस्टेशन क्र. एचआर 72 बी 4066 कुल कीमती 650000 रुपये।

#### टीम का महत्वपूर्ण योगदान

उक्त प्रकरण की सफलतापूर्वक विवेचना एवं कार्रवाई में निम्न पुलिसकर्मियों का विशेष योगदान उल्लेखनीय रहा 1. उप निरीक्षक आदित्य सोनी,02 उनि राहुल सेंधव, 03. बउनि सुरेश कुमार मेवाडे, 04. प्र. आर. 336 चेतनसिंह, 05. प्र. आर. 135 युगल किशोर 06, प्र. आर. 160 हेमंत भार्गव, 07.आर. सुनील जाट 08 आर. 834 जगदिश मीणा, महिला 09.प्र.आर.386 माया निगम, 10. प्र. आर. राजकिशोर, 11.मे. आर. 896 माया राजपुत 12. सेनिक 894 धर्मेन्द्र 12. प्रधान आरक्षक 252 शंशाक सिंह (सायबर सेल राजगढ़)।

### प्रबंधक ने मांगा 3 दिन का समय

# जांच को वेयरहाउस से नहीं मिल पाई आउटसोर्स कर्मचारियों की जानकारी

## क्या कलेक्टर के जांच आदेश को जानबूझकर किया 1 महीने लेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा


प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर व आउटसोर्स कंपनी भी डाटा बताने में दिखे असमर्थ
वेयरहाउस में कब रुकेगी सरकारी पैसे की लूट! कलेक्टर के जांच आदेश भी निरर्थक
जांच हुई तो वित्तीय अनियमित्ता आएगी सामने, कई ओरिजिनल पत्रक भी गुम

कलेक्टर के आदेश को महिने भर तक टालमटोल करने वाले अधिकारी को मजबूरी में ही सही जांच करने जाना ही पडा। गुरूवार को राजगढ से टीम ब्यावरा वेयरहाउस गई जहां पर आउटसोर्स कर्मचारियों की सूची और वेतन से संबंधित जानकारी ब्यावरा प्रबंधक से मांगी गई परंतु हैरत है कि दिनभर की जांच के बाद भी टीम को खाली हाथ ही लौटना पडा। जिला प्रबंधक बीडी सगर से बात करने के बाद पता चला की आउटसोर्स कर्मचारियों की जानकारी पाने में 3 दिन का समय और लगेगा। इससे समझा जा सकता है कि कलेक्टर के आउटसोर्स कर्मचारीयों की जांच करने के आदेश को कहीं जान बूझकर तो ठंडे बस्ते में नहीं डाल दिया गया था जिससे जांच को टाला जा सके।

#### संबंधित कर्मचारियों के बैंक स्टेटमेंट मंगवाए जाए तो होगा बडा खुलासा

जिन आउटसोर्स कर्मचारियों का बिना काम किए वेतन निकाला जाता रहा है यदि उनके बैंक स्टेटमेंट की जांच की जाए तो चैकाने वाले तथ्य सामने आ सकते है। क्योंकि सूत्र बताते है कि इन कर्मचारियों में से कईयों के एटीएम शिवमान सिंह राठौर अपने ही पास रखता था और वेतन के तौर पर डाले गए पैसों की निकासी भी शिवमान करता था। यदि जांच हुई तो शिवमान किसके कहने पर काम करता था इसकी भी पुष्टि हो जाएगी।

#### इनका कहना है...

हमारी टीम आज आउटसोर्स कर्मचारियों के बारे में जाचं करने ब्यावरा वेयरहाउस गई थी इसमें अभी 3 दिन का समय लगेगा।

बी डी सगर,जिला प्रबंधक
वेयरहाउस राजगढ

# सीहोर में जानलेवा हमले के आरोपी प्राथमिक शिक्षक को किया सस्पेंड

## जिला शिक्षाधिकारी ने जारी किया निलंबन आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

विगत दिवस सीहोर जिले के मंडी थानाक्षेत्र के तहत एक व्यक्ति पर जानलेवा हमले के आरोपी प्राथमिक शिक्षक हिम्मत सिंह मीणा को जिला शिक्षाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। सीहोर पुलिस द्वारा संबंधित शिक्षक को न्यायिक अभिरक्षा में लिए जाने की दिनांक 14 अक्टूबर से संबंधित शिक्षक के निलंबन की कार्रवाई हुई है।

#### क्या था पूरा मामला

जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर को ग्वालियर निवासी पंजाब सिंह एवं दिनेश धनगर अपनी कार से इंदौर जा रहे थे। इस दौरान जैसे ही उनकी कार चैपाल सागर के समीप पहुंची तभी पीछे से आ रहे बाईक सवार शिक्षक हिम्मत सिंह मीणा ने कार रुकवाकर पंजाब सिंह पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमला करने वाला हिम्मत सिंह राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ ब्लॉक के जामुनिया गौपचैहान संकुल केंद्र के तहत आने वाली शाला छापरीकलां में प्राथमिक शिक्षक के रूप में पदस्थ है।सीहोर पुलिस ने उक्त घटना के तुरंत बाद कार्यवाही करते हुए शिक्षक मीणा को कस्टडी में ले लिया था। इस संबंध में राजगढ़ शिक्षा विभाग द्वारा सीहोर पुलिस से किए पत्राचार उपरान्त आरोपी शिक्षक हिम्मत सिंह मीणा को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है।

# मंदिर में चोरी करने वाले धराए

## चोरी की गई राशि भी की गई बरामद




**माचलपुर**। गांव गोरियाखेड़ा में स्थित भेरू महाराज मंदिर की दान पेटी का अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर 15 हजार रूपये नगद राशि चुरा ली थी। जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाने में बनेसिंह सोंधिया ने दर्ज करवाई थी तब से पुलिस विभिन्न साक्ष्य के आधार पर जांच कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी, टी आई पूजा परिहार ने टीम गठित की सीसीटीवी फुटेज,मुखबिर सूचना तंत्र और तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से आरोपियों की तलाश में अपनी टीम के साथ जुटी रही जिसका परिणाम सामने आया और चार आरोपियों जिसमें विष्णु पिता कालू वर्मा उम्र 20 वर्ष ,दुर्गेश पिता मदनलाल तंवर उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी सेदारा जागीर थाना भोजपुर तीसरा आरोपी लखन पिता कवरलाल मोंगिया उम्र 22 वर्ष निवासी कालाजी बाड़ली थाना खिलचीपुर चैथा आरोपी गोपाल पिता गोरधन वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी भोजपुर को गिरफ्तार कर राशि 10 हजार बरामद कर ली गई है। उक्त आरोपियों को न्यायलय में पेश किया जा रहा। इस कार्यवाही में टीआई पूजा परिहार, सउनि नरेश मीणा,आर धनराज, आर गोविंद, आर पप्पू दांगी, चालक आर सीताराम का योगदान रहा है।

# कृषकों के सहयोग से ही बनेगी सिंचाई परियोजना की दीर्घकालिक स्थिरता

## किसानों से संवाद कार्यक्रम में बोले अधिकारी-जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



कुंडालिया परियोजना के माध्यम से इस वर्ष क्षेत्र के 267 गांवों में करीब 76927 हैक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। आगामी रबी सीजन को ध्यान में रखते हुए कृषक समुदाय में सहभागिता, जागरूकता ओर अपनत्व की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष किसान संवाद कार्यक्रम कृषक सेवा केंद्र, खुमानपुरा में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रोडमल नागर ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि "शासन, विभाग एवं किसान ये तीनों आपस में एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने इस त्रि-स्तरीय सहयोग को कृषि विकास की आधारशिला बताते हुए परियोजना के प्रति अपनत्व एवं जिम्मेदारी की भावना को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह सिंचाई तंत्र हम सब के लिए तैयार किया गया हैं, जिसे सहेजना भी हमारा ही कर्तव्य है। विभाग द्वारा तय मापदंड के अनुसार सभी किसान सिंचाई जल ले। किसी प्रकार की छेड़छाड़ सिस्टम में न हो। अगर ऐसा होता है तो खेतों तक पानी पहुंचाने में बाधा उत्पन्न होती हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि कुंडालिया परियोजना क्षेत्र के किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने मील का पत्थर साबित होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा कि किसानों को परियोजना के संसाधनों का सदुपयोग करते हुए नवाचार एवं तकनीकी प्रगति को अपनाना चाहिए।

#### दीर्घकालीन स्थिरता के लिए किसानों का सहयोग जरूरी

कार्यक्रम में अतिरिक्त परियोजना संचालक एवं परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया ने किसानों से आगृह किया कि वे परियोजना से जुड़ी सुविधाओं को साझा संसाधन के रूप में देखें और शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम शुल्क के भुगतान में सहयोग करें ताकि योजना की दीर्घकालिक स्थिरता बनी रहे। श्री राजोरिया ने कहा कि परियोजना क्षेत्र के लाभान्वित किसान डेम से खेत तक की सिंचाई सुविधा का लाभ लेने जितने इच्छुक हैं, उससे कई ज्यादा हम पानी पहुंचाने प्रयासरत हैं। आपके उत्साह के साथ तकनीकी जानकारी भी जरूरी है, सिस्टम में किसी प्रकार का नुकसान नहीं हो यह भी आप सुनिश्चित करे, ताकि जल प्रदाय में परेशानी नहीं आए।

# मुक्तिधाम विकास समिति की बैठक संपन्न अनिल बारकिया अध्यक्ष नियुक्त



**सारंगपुर**। बुधवार को साईं मंदिर परिसर में सार्वजनिक हिन्दू उत्सव समिति की अध्यक्षता में मुक्तिधाम विकास समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला ने की। बैठक में मुक्तिधाम के विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से अनिल बारकिया को समिति का नवीन अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रमेशचंद्र वर्मा के कार्यकाल की सराहना की गई तथा हिन्दू उत्सव समिति, महादेव मित्र मंडल, पर्यावरण प्रेमी संगठन,संस्था भारत सहित नगर के समाजसेवियों द्वारा उनका शाल-श्रीफल से स्वागत सम्मान किया गया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मुक्तिधाम क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं सुविधाओं के विस्तार के लिए समिति निरंतर कार्यरत है। वही नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल बारकिया ने विश्वास दिलाया कि वे समिति के सहयोग से मुक्तिधाम को आदर्श स्वरूप देने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। बैठक का संचालन सुशील व्यास ने किया तथा आभार समिति सचिव वैभव पुष्पद ने माना।इस दौरान अशोक साहू,सतीश गिरजे,मोहन सोलंकी,निकेश पुष्पद,रूपेश जोशी,अनिल जैन,संतोष प्रजापति,लक्ष्मीनारायण त्रिकार,विष्णु प्रसाद जोशी,नंदकिशोर सोनी,नारायण टेटवाल,रामबाबू नारोलिया सहित हिन्दू उत्सव समिति सदस्य मौजूद थे।उक्त जानकारी हिन्दू उत्सव समिति मीडिया प्रभारी नवीन रुण्डवाल ने दी।

# प्राचीन लक्ष्मीनारायण झाली आश्रम में अन्नकूट उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़



नगर के प्रसिद्ध एवं प्राचीन लक्ष्मीनारायण मन्दिर झाली आश्रम में बुधवार शाम अन्नकूट महोत्सव भक्ति एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। मन्दिर पुजारी ने भगवान लक्ष्मीनारायण सहित सभी देव प्रतिमाओं का अद्भुत श्रृंगार किया और छप्पन भोग प्रसादी अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। पुजारी आचार्य राघवेंद्र शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आरती उतारी और क्षेत्र की समृद्धि की मंगल कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाए , वही श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारे लगाए।इस दौरान नगर सहित आसपास क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। गौरतलब है कि झाली आश्रम नगरवासियों की आस्था का प्रमुख केन्द्र है, यहां वर्ष भर धार्मिक आयोजन चलते रहते है।

## सारंगपुर का वैभव हरि-हर मिलन और मां कालीसिंध की आरती बनेगी आस्था का आलोक पर्व



**सारंगपुर**। भक्ति का उत्सव, संस्कृति का गौरव यही है सारंगपुर का वैभव वैकुण्ठ चतुर्दशी के पावन अवसर पर इस वर्ष सारंगपुर नगर माँ कालीसिंध मैया के पवित्र तट पर दिव्यता और श्रद्धा का अनुपम संगम साकार होने जा रहा है। हरि-हर मिलन एवं गंगा आरती कपिलेश्वर (कार्तिक) मेला का भव्य आयोजन 4 नवम्बर 2025, मंगलवार को सायं 5:30 बजे से आरंभ होगा। इस आयोजन की मुख्य प्रेरणा एवं समर्पण विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल द्वारा दी गई है, जिन्होंने अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर आयोजन समिति को मूर्त रूप प्रदान किया है। उनके मार्गदर्शन में संपूर्ण व्यवस्थाएँक् सुरक्षा, साज-सज्जा, दीपोत्सव एवं आरती स्थल की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं।

# बालश्रम मामले में पचोर के होटल संचालक पर एफआईआर

## श्रम, आबकारी एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

राजगढ़ जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने के तहत कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में बाल श्रम के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पचोर के एसआर होटल में 13 वर्षीय बालक से काम करवाए जाने की सूचना अधिकारियों को मिली थी। सूचना के उपरान्त श्रम विभाग, आबकारी विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं अहिंसा सोसायटी ने एसआर होटल में छापेमारी करते हुए 13 वर्षीय बाल श्रमिक को मुक्त कराकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। छापेमार कार्रवाई के दौरान इस होटल में शराब की बोतलें भी पाई गई। ऐसे में आबकारी विभाग से उपस्थित उप-निरीक्षक सौरभ कनासे द्वारा नियमानुसार प्रकरण पंजीकृत किया गया। कार्रवाई के दौरान होटल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की गई गई है। इस दौरान सहायक श्रम पदाधिकारी सौरव कुमार गुप्ता, श्रम निरीक्षक मनोज कुमार चौहान, आबकारी विभाग सौरभ कनासे, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी से सादिक अहमद, विशेष पुलिस इकाई से रमेश चन्द भिलाला, बाल कल्याण समिति सदस्य सुरेश चंद्रवंशी, महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक सुनीता नागर, सीटी थाना पचोर पुलिस सहित उपस्थित रहे।

### कलेक्टर के मार्गदर्शन में कार्य

# सतत निगरानी में रिनोवेट कर रहे ऑफिसर्स क्लब

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



स्थानीय पुरा क्षेत्र स्थित ऑफिसर्स क्लब के जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंचने पर इस क्लब में रिनोवेशन कार्य करवाया जा रहा है। क्लब को सुसज्जित एवं आधुनिक तरीके से नया रूप देने में का कार्य कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के सतत मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने गुरूवार को क्लब परिसर का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति देखी। इस अवसर पर संभागीय खेल अधिकारी शर्मिला डाबर एवं पीआईयू अधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने सीईओ गढ़पाले को अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। क्लब में जिम, कार्डियो, वेट ट्रेनिंग, बिलियड्र्स, बैडमिंटन तथा टेनिस जैसी आधुनिक सुविधाएँ विकसित की जा रही हैं। यह स्थान जल्द ही अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए फिटनेस, मनोरंजन और संवाद का केंद्र बनेगा। निर्माण कार्य पूरे उत्साह और गति से चल रहा है तथा माप-जोख का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

# श्री शिवशंकर ताल पशु मेले का झंडा फहराकर किया गया शुभारंभ




**जीरापुर**। नगर परिषद द्वारा आयोजित कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाला प्रसिद्ध श्री शिव शंकर ताल पशु मेला का उद्घाटन झण्डा फहराया कर विधायक हजारीलाल दांगी ने किया। लगभग एक पखवाड़े तक लगने वाले इस विराट मवेशी मेले का शुभारंभ विधायक हजारीलाल दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह द्वारा किया गया। हल्की-हल्की बुंदाबांदी के चलते छाता लगाकर पुजा अर्चना, ध्वज फहराया और आरती की।

उल्लेखनीय है कि लगभग साढ़े पांच दशक पहले 1973 से छापी बांध निर्माण उपरांत यह मेला कार्तिक पूर्णिमा पर लगता आ रहा है जिसमें दूरस्थ अंचल से व्यापारी पशुओं की खरीदी करने आते हैं। बैल, भैंस, बकरी इत्यादि पशु बड़ी संख्या में मेले में आते हैं। पशुओं का क्रय विक्रय का कार्य एक पखवाड़े के अंतर्गत होता है जिसमें पूर्णिमा के दिन चावड़ी खुलती है और उसी से नगर परिषद को भी बड़ी राशि प्राप्त होती है। नगर परिषद द्वारा जो टैक्स निर्धारित है वह पशुओं के क्रय विक्रय पर लिया जाता है जिससे नगर परिषद को भी एक मोटी आमदनी होती है। विष्णुसिंह पवांर ,ईश्वर सिंह तोमर, रमेश चंद शर्मा, कुशल कुशवाह, कमल झावा, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में ध्वज पूजन पं. नन्द किशोर शर्मा के द्वारा मंत्र उच्चारण करके पूजा अर्चना करवाई तत्पश्चात ध्वज फहराया कर आरती की। बुधवार को मेले की चावड़ी खुलेगी मेले में अच्छी नस्ल और स्वस्थ पशुओं का क्रय विक्रय होगा। इसी के साथ-साथ मनीहारी, जनरल आयटम की दुकानें, बच्चों के मनोरंजन के लिए मेला में झुले सहित विभिन्न मनोरंजन के साधन रहते हैं। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, देवनारायण दांगी, ब्रजेश उपाध्याय, रमेशचंद्र नाथ, ओंकार मंडलोई, जसवंत दांगी, रमेश मालवीय, विशाल दांगी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस पर टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 31 अक्टूबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 113 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 21 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 10 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

### एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला आयोजित

**सीहोर।** जन अभियान परिषद् और आनंद विभाग द्वारा शासकीय कर्मचारियों में सकारात्मकता का विकास और आनंद की अनुभूति कराने के उद्देश्य से सीहोर जनपद पंचायत कार्यालय में एक दिवसीय अल्प विराम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कर्मचारियों को बताया गया कि शारीरिक क्षमता के साथ साथ मानसिक क्षमता पर भी कार्य करने की आवश्यकता है।
हमारे जीवन में यह आवश्यक है कि हम सभी स्वयं के भीतर झांके एवं देखें कि हमारी क्षमता एवं नजरिया क्या है। क्या इसे हम अपनी नकारात्मकता, अवसाद, चिंता इत्यादि को हटा पा रहे है एवं तनाव मुक्त आनंद पूर्ण जीवन के लिए आगे बढ़ पा रहे है।

### झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम का विरोध

# ग्रामीण बोले, झोलाछाप डॉक्टर हमें अपनी सेवा नहीं देंगे तो हमारा उपचार कौन करेगा

चरनाल गांव में बंगाली डॉक्टर के यहां कार्रवाई करने पहुंचा अमला, ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा, पुलिस की समझाइश के बाद माने ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



शुक्रवार का दिन झोलाछाप डॉक्टर के लिए मुसीबत बनकर आया। वही देखा गया कि स्वास्थ्य विभाग का आमला शुक्रवार को जब झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई करने के लिए पहुंचा तो ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के अमले और करवाई का विरोध देखा गया। स्वास्थ्य विभाग ने पहले तो अहमदपुर में कार्रवाई की फिर इसके बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला चरनाल गांव करवाई के लिए पहुंचा। चरनाल गांव में बंगाली डॉक्टर के यहां कार्रवाई करने पहुंचा तो चारनाल गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए और इस कार्रवाई का विरोध करने लगे ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के अमले पर आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य अस्पताल होने के बाद भी यहां पर कोई व्यवस्थाएं नहीं मिलती है। चरनाल गांव में स्वास्थ्य केंद्र मैं कोई सुविधा नहीं मिलती है। ग्रामीणों का कहना है कि झोलाछाप डॉक्टर अगर हमें सेवा नहीं देंगे तो हमारा उपचार करेगा कौन। कार्रवाई करने पहुंचे अपनी टीम के साथ डॉक्टर बीएमओ नवीन मेहरा को ग्रामीणों का विरोध देख बैरंग वापस लौटना पड़ा।

### ग्रामीणों का आरोप, डॉक्टरों को टारगेट कर की जाती है कार्रवाई

कुछ ग्रामीणों का कहना है कि हमेशा स्वास्थ्य विभाग अहमदपुर क्षेत्र में ही और अहमदपुर क्षेत्र से लगे आसपास के गांव में कार्रवाई कर इति श्री करता हुआ नजर आता है, स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से नाराज होकर ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के अमले पर ही आरोप लगाया है ग्रामीणों का कहना है कि टारगेट कर डॉक्टर को बार-बार कार्रवाई की जा रही है जिससे क्षेत्र में ग्रामीण नाराज नजर आ रहे है, वहीं स्वास्थ्य विभाग का अमला जब भी कार्रवाई करने की क्षेत्र में आता है तो एक ही डॉक्टर को टारगेट कर बार-बार एक ही डॉक्टर पर कार्रवाई की जाती है ऐसा ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की टीम पर आरोप लगाया है

### नाराज ग्रामीणों ने लागए गंभीर आरोप

स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ चरनाल गांव कार्रवाई करने पहुंचे बीएमओ डॉक्टर नवीन मेहरा को उस समय ग्रामीणों का विरोध देखने को मिला जब वह चरनाल में एक बंगाली डॉक्टर पर कार्रवाई करने पहुंचे चरनाल में मौजूद ग्रामीणों ने डॉक्टर नवीन मेहरा की कार्रवाई का विरोध किया ग्रामीणों ने कहा कि चरनाल में स्वास्थ्य केंद्र है बार-बार सीएम हेल्पलाइन पर भी इसकी शिकायतें की गई है लेकिन यहां कोई सुधार नहीं हो रहा है हमें जो सेवाएं मिल रही है झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा मिल रही है झोलाछाप डॉक्टरों पर आप जो कार्रवाई कर रहे हो वह पूरी तरह से गलत है पहले आप अपनी व्यवस्था को सुधारो उसके बाद कार्रवाई करो, विरोध ज्यादा देखकर अहमदपुर थाने से पुलिस बल चरनाल गांव पहुंचा, ग्रामीणों को समझाइए दी तब कहीं जाकर ग्रामीण माने और शांत हुए।

### ग्रामीण बोले गलत है कार्रवाई

ग्रामीण सुमित गुप्ता हमारा विरोध का कारण यह है कि सरकार हमें अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं दे, गांव में सरकारी अस्पताल भी है लेकिन ना तो उपचार होता है, ना ही दवाईया मिलती है। मजबूरी में हमें इन डॉक्टरों की शरण में जाना पड़ता है, अगर गलती से बडे नीजी अस्पताल या डॉक्टर के पास उपचार कराने पहुंच जाए तो हमारी जमा पूंजी तक बडे डाक्टर उपचार के नाम पर लूट लेते है। अगर हमें कम दामों में सही उपचार मिल रहा है तो इन झोलाछाप डॉक्टरों के कारण ही कम दाम और सही समय पर मिल रहा है। कोरोना काल में जब कोई बडा डॉक्टर और अस्पताल हम ग्रामीणों का उपचार नहीं कर रहा था, तब यह नीजी छोटे डॉक्टरों ने ही हमारा उपचार कर हमारी जान बचाई थी।

### गांव में नहीं स्वास्थ्य सेवाएं

सरपंच प्रतिनिधि नर्मदा साहू ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम की यह कार्रवाई गलत है। चरनाल गांव में स्वास्थ्य विभाग की कोई व्यवस्था नहीं है। यही डॉक्टर हमारा उपचार करते है। इन पर कार्रवाई करना गलत है। सरकार पहले स्वास्थ्य सेवाए सही करें इस के बाद ही इस तरह की कार्रवाई करे, ताकि ग्रामीणों को समय पर उपचार मिल सके। मामले को लेकर बीएमओ, डॉ नवीन मेहरा से कार्रवाई को लेकर जानना चाहा तो, नवीन मेहरा ने कहा कि अभी मैं कार्रवाई कर रहा हूं प्रेस नोट जारी कर आपको बता दूंगा।

# कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री और लौह पुरुष को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस द्वारा स्थानीय कम्युनिटी हॉल में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने दोनों महान नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि इंदिरा गांधी भारत की पूर्व प्रधानमंत्री थीं, जिन्होंने अपने दृढ़ नेतृत्व और साहसिक निर्णयों से देश को नई दिशा दिखाई। वह भारत की पहली और अब तक की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री हैं।

इंदिरा ने भारत की स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई और देश के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण नेता थे, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। पटेल जी ने अपनी शिक्षा कानून की पढ़ाई पूरी करने के बाद वकालत शुरू की, लेकिन जल्द ही वह महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो गए। उन्होंने कई महत्वपूर्ण आंदोलनों में भाग लिया, जिनमें खेड़ा सत्याग्रह और बारदोली सत्याग्रह प्रमुख हैं। पटेल जी को उनके दृढ़ संकल्प और नेतृत्व क्षमता के लिए लौह पुरुष की उपाधि दी गई। उन्होंने भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में कार्य किया और देश की एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। वक्ताओं ने इंदिरा गांधी और सरदार पटेल के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सरदार पटेल जी के भारत के एकीकरण और इंदिरा गांधी के मजबूत नेतृत्व की सराहना की गई। उपस्थित लोगों से आह्वान किया गया कि वे दोनों नेताओं के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और देश के विकास में योगदान दें।

इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार, आईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, घनश्याम जांगड़ा, सुनील कटारा, राजकुमार मालवीय, नरेंद्र कुशवाह, रामचरण दवरिया, मशूद खान, कमल सेठ, टोनी कोठारी, दिलीप मालवीय, शंकर सक्सेना, रिजवान माहिर,शंकर सोनी, नासिर मसूदी, अजय भाटी, दिग्गराज ठाकुर, नारायण सिंह गवाखेड़ा, गोविंद पांचाल आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# एकादशाहिका महोत्सव की संगीतमय आराधना का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अनुपम अवनी पर गंज मंदिर श्रीसंघ के तत्वावधान में 11 दिवसीय जिनेन्द्र भक्ति एकादशाहिका महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और तप आराधना के संगम रूप में निरंतर जारी है। साध्वी नम्रव्रता श्रीजी ठाणा 3 के पावन सानिध्य में हो रहे इस आयोजन में श्रावक-श्राविकाओं द्वारा विविध आराधनाओं एवं पूजन-अनुष्ठानों से इस पावन नगरी का वातावरण जिनमय बना हुआ है।शुक्रवार को नमस्कार महामंत्र की आराधना की गई।इस अवसर पर साध्वी नम्रव्रता श्रीजी ने कहा कि "मानव भव का सही उपयोग कर आत्मकल्याण करें। चारों गति का क्षय कर तपाराधना से कर्मों का क्षय कर मोक्षमार्ग प्रशस्त करें। महोत्सव में वर्धमान तप की 98 वीं ओलीजी की निर्विघ्न पूर्णाहुति, साध्वी मग्नव्रता श्रीजी की 100+29 वीं ओली, साध्वी मीतव्रता श्रीजी की 62 वीं ओली, तथा श्रीसंघ में हुए सिद्धितप, उपवास, वर्धमान तप, अट्ठम आयंबिल, नवदिवसीय एकासणे सहित विविध आराधनाओं का अनुमोदन भक्ति भाव से किया जा रहा है।

# अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु की कामना के साथ पूजा-अर्चना कर महिलाओं ने मनाया आंवला नवमी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



शुक्रवार और शनिवार को आंवला नवमी का पर्व उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने आंवला के पेड़ों की पूजा-अर्चना की। सुबह से जगह-जगह आंवला के पेड़ों के नीचे बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु जुटीं। महिलाओं ने पारंपरिक विधि से आंवला के पेड़ की सात परिक्रमा लगाई। कच्चे सूत से पेड़ को लपेटकर फूल, हल्दी, चावल, कुमकुम, सिंदूर से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने अपने अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु और संतान सुख की कामना की। पूजन के बाद महिलाओं ने दीपक जलाकर आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। दिनभर यह धार्मिक माहौल बना रहा।

# सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म उत्सव पर लगाई एकता अखंडता की दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



पुलिस मुख्यालय भोपाल तथा जिला पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी आष्टा आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में पुलिस थाना जावर के संयोजन से सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वे जन्मोत्सव दिवस पर 31 अक्टूबर 2025 को सांदीपनि विद्यालय से शिक्षक,खिलाड़ी, विद्यार्थी, पुलिस कर्मियों द्वारा भारत की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने हेतु (रन फॉर यूनिटी) एकता की दौड़ लगाई गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी नीता देअरवाल, नितिन कुमार कौशल प्राचार्य, अकबर सिद्दीकी, रामस्वरूप वर्मा, दरियावसिंह मालवीय, सुजाता मालवीय, जयंत गुप्ता, बंटी जाटव, राहुल कुमावत सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सांदीपनि विद्यालय से पुलिस थाना जावर तक दौड़ लगाई। हाथों में भारतीय तिरंगा लेकर विद्यार्थियों ने देश की एकता अखंडता तथा समरसता के लिए नारे भी लगाए समापन पुलिस थाना परिसर में किया गया। जहां पर सभी ने एक साथ मिलकर भारत में सत्यनिष्ठा अखंडता सुरक्षा को बनाए रखने हेतु शपथ भी ली, तत्पश्चात पुलिस थाना जावर की ओर से सभी सहभागियों को सल्पाहार प्रदान किया गया।

### सरदार पटेल स्कूल में मनाई गई पटेल जंयती



**सीहोर।** स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सीहोर जिले के सरदार पटेल हायर सेकेण्डरी स्कूल झरखेड़ा में विविध आयोजन किए गए। उद्बोधन में बच्चों को बताया गया कि सरदार पटेल ने दृढ़ संकल्प के साथ 565 से अधिक रियासतों का विलीनीकरण कर अखण्ड भारत का निर्माण करने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इसलिये उन्हें सरदार सम्बोधित कर सम्मान प्रदान किया। संचालक रवीन्द्र बांगरे ने बताया कि भारतरत्न सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता के रूप में मनाई जाती है। प्राचार्य लखन सिंह ने बच्चों को सरदार पटेल के जीवन वृत्त का विस्तार से उल्लेख किया। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

# आत्मनिर्भर भारत को लेकर बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आत्मनिर्भर भारत हर घर स्वदेशी अपनाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है जिसमें निम्मित एक महत्वपूर्ण बैठक जावर मंडल में रखी गई सभी वरिष्ठ नेताओं एवं विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी को अपने दैनिक जीवन में इस्तमाल होने वाली सभी वस्तु देश में बनी हुई ही इस्तमाल करनी चाहिए एवं सभी को प्रेरित भी करें स्वदेशी हेतु इस अवसर पर मुख्य रूप से लोकप्रिय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, खुमान सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केशव, संजय अजमेरा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, शिवम सोनी ,महामंत्री राजा ठाकुर ,धर्मेंद्र मालवीय, कमल सिंह ,राजेंद्र सेंधव, तेज सिंह गुड्डू ,मदन विश्वकर्मा, वीरेन्द्र ठाकुर, अजाप सेठ, माने सिंह पटेल, राजपाल ठाकुर, पंकज जैन, कृपाल सिंह, संजय सिंह पहलवान, राजेंद्र सिंह, राजा ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, संतोष जैन ,हरेंद्र विश्वकर्मा, देवेंद्र सिंह, तेज सिंह भाटी, सूरज सिंह, लोकेंद्र सिंह, कपिल मालवीय, गोविंदराम मालवीय, संजय मालवीय, रतन पोरवाल ,पवन मालवीय, पुरण कलेसरिया एवं सभी बूथों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अभद्र टिप्पणी करने वाले अमित बघेल पर हो कार्रवाई: आशीष गुप्ता

**छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रमुख ने महाराजा अग्रसेन के प्रति की अभद्र टिप्पणी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर हाल ही में छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रमुख अमित बघेल द्वारा हमारे आराध्य महाराजा अग्रसेन के प्रति अत्यंत अभद्र, अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। इस टिप्पणी से न केवल अग्रवाल समाज बल्कि पूरे देश के करोड़ों लोगों की धार्मिक एवं सामाजिक भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं।

महाराजा अग्रसेन अग्रवाल समाज के अग्रप्रवर्तक हैं, जिन्होंने एक रुपया और एक ईंट के सिद्धांत से समाज में समानता, सहयोग और आर्थिक एकता का संदेश दिया। उनके आदर्श आज भी सामाजिक समरसता, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण के प्रेरणास्त्रोत हैं। ऐसे महान पुरुष के प्रति अपमानजनक टिप्पणी समाज की आस्था और संस्कृति पर कुठाराघात के समान है। यह भी उल्लेखनीय है कि अमित बघेल पूर्व में भी अनेक महापुरुषों, समाजों एवं संतों के प्रति अपमानजनक वक्तव्य दे चुके हैं। उनके खिलाफ विभिन्न जिलों में एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है और कई बार विरोध प्रदर्शन भी हुए हैं। स्पष्ट है कि वे सस्ती लोकप्रियता पाने के उद्देश्य से समाज में वैमनस्य फैलाने की लगातार कोशिश कर रहे हैं, जो राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है। इस गंभीर प्रकरण पर अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता अग्रवाल ने गहरी नाराजग़ी व्यक्त करते हुए निवेदन किया है कि अमित बघेल पर शीघ्र कठोर कार्यवाही की जाए। अमित बघेल के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत त्वरित एवं कठोर कार्यवाही की जाए। भविष्य में इस प्रकार की समाजविरोधी एवं धार्मिक भावनाएं भडक़ाने वाली गतिविधियों पर रोक हेतु स्थायी कानूनी प्रावधानों को सख्ती से लागू किया जाए। यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो अग्रवाल समाज देशव्यापी विरोध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित हुई एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता

# सीहोर क्लब ने सीहोर बाइज को रोमांचक मैच में 2-1 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



चर्च मैदान पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर चार टीम के मध्य मैच खेले गए। इसमें सीहोर क्लब और सीहोर चिल्ड्रन की टीम ने जीत हासिल की। सरदार वल्लभभाई पटेल लौह पुरुष की जयंती पर एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ संतोष ट्रॉफी प्लेयर संतोष ट्रॉफी प्लेयर आनंद उपाध्याय दीपक गुरबाणी अरुण राठौर, सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा, कमलेश अग्रवाल, मधुर विजयवर्गीय, इंटर नेशनल प्लेयर कोच सुयश कन्नोजिया, मनोज अहिरवार आदि ने खिलाड़ियों से परिचय का शुभकामनाएं दें। जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार की शाम को पहला मैच सीहोर क्लब और सीहोर बाइज के मध्य खेला गया। इस मौके पर सीहोर क्लब के स्ट्राइकर वंश ने लगातार दो गोल अपनी टीम को बढ़त दिलाई, वहीं सीहोर बाइज की ओर से अर्थव ने एक गोल किया। इस तरह सीहोर क्लब की टीम ने सीहोर बाइज को रोमांचक मैच में 2-1 से हराया। इधर एक अन्य मैच सीहोर चिल्ड्रन और सीहोर रेड के मध्य खेला गया। इस मैच में सीहोर चिल्ड्रन की टीम ने 3-2 से जीत हासिल की। सीहोर चिल्ड्रन की ओर से यश ने दो गोल-सुयंश ने एक गोल किया। वहीं सीहोर रेड की ओर से नैतिक-प्रांजल ने एक-एक गोल किया।